स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिये विश्व बैंक ऋण: मेघालय

drishtiias.com/hindi/printpdf/world-bank-loan-for-strengthening-health-system-meghalaya

प्रिलिम्स के लिये:

विश्व बैंक, मेघालय स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण परियोजना

मेन्स के लिये:

स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत और **विश्व बैंक** ने **मेघालय स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण परियोजना** के लिये 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किये।

- **परिचय:**
    - **संक्रमण से रोकथाम:** यह परियोजना भविष्य के विभिन्न प्रकोपों, **महामारियों** और **स्वास्थ्य आपात** स्थितियों के लिये अधिक लचीली प्रतिक्रिया हेतु संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण में निवेश करेगी।
    - **जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन:** परियोजना जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन (ठोस और तरल अपशिष्ट दोनों) के लिये समग्र पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार करने हेतु निवेश करेगी।
        - इसमें पर्यावरण की रक्षा करते हुए अलगाव (Segregation), **कीटाणुशोधन** और संग्रह शामिल होगा तथा स्वास्थ्य सेवा एवं रोगी की सुरक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।
    - **प्रदर्शन-आधारित वित्तपोषण प्रणाली:** यह परियोजना एक प्रदर्शन-आधारित वित्तपोषण प्रणाली की ओर बढ़ेगी जहाँ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) तथा इसकी सहायक कंपनियों के बीच आंतरिक प्रदर्शन समझौते (IPA) के सभी स्तरों पर अधिक जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा।
        - आंतरिक प्रदर्शन समझौते विशिष्ट व्यक्तिगत और संगठनात्मक लक्ष्यों के लिये जवाबदेही को परिभाषित करते हैं। यह प्रणाली परिणाम-उन्मुख लक्ष्य स्थापित करता है जो समग्र उद्देश्य के साथ संरेखित होते हैं तथा यह समझौते के लिये औपचारिक हस्ताक्षरित प्रतिबद्धता के पूर्ण होने के साथ समाप्त होता है।
    - **तालमेल को बढ़ावा देना:** यह विभिन्न योजनाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा देने और राज्य बीमा एजेंसी की क्षमता बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।

- **महत्त्व:**
    - **शासन क्षमताओं को बढ़ाता है:**
        - यह राज्य और इसकी स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रबंधन और शासन क्षमताओं को बढ़ाएगा; राज्य के **स्वास्थ्य बीमा** कार्यक्रम के डिज़ाइन व कवरेज़ का विस्तार; प्रमाणन तथा बेहतर मानव संसाधन प्रणालियों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार; दवाओं एवं निदान के लिये कुशल पहुँच प्रदान करने में सक्षम है।
    - **स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाना:**
        - यह मेघालय के **स्वास्थ्य बीमा** कार्यक्रम की प्रभावशीलता को मज़बूत करने में मदद करेगा जिसे **मेघा स्वास्थ्य बीमा योजना (एमएचआईएस)** के रूप में जाना जाता है जो वर्तमान में 56% परिवारों को कवर करती है।
    - **महिला सशक्तीकरण:**
        - यह महिलाओं को सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर उपयोग करने में सक्षम बनाएगा।

विश्व बैंक

- **परिचय:**
    - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) तथा **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** की स्थापना एक साथ वर्ष 1944 में अमेरिका के न्यू हैम्पशायर में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के दौरान हुई थी।
    - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) को ही विश्व बैंक के रूप में जाना जाता है।
    - विश्व बैंक समूह विकासशील देशों में गरीबी को कम करने और साझा समृद्धि का निर्माण करने वाले स्थायी समाधानों के लिये काम कर रहे पाँच संस्थानों की एक अनूठी वैश्विक साझेदारी है।
- **सदस्य:**
    - 189 देश इसके सदस्य हैं।
    - भारत भी एक सदस्य देश है।
- **पाँच प्रमुख संस्थान**
    - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD)
    - अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA)
    - अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC)
    - बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA)
    - निवेश विवादों के निपटारे के लिये अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (ICSID)
        - भारत इसका सदस्य नहीं है।

स्रोत:पीआईबी